उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कार्पोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपकम)
U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ।

संख्याः 1134–पारे0अनु0–16/पाट्राकालि–2017–20/2009 दिनांकः 25 अप्रैल, 2017

समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–I/II),
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0,
मेरठ/आगरा/इलाहाबाद/लखनऊ।

विषयः उ0प्र0 पावर कर्मचारी संघ द्वारा प्रस्तावित दो दिवसीय अधिवेशन हेतु पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विशेष आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

मुझे यह अवगत कराने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 पावर कर्मचारी संघ के प्रमुख महामंत्री ने यह सूचित किया है कि उनके संगठन का अधिवेशन दिनॉक 01 मई, 2017 एवं 02 मई, 2017 को गॉधी भवन, प्रेक्षा गृह, लखनऊ में होना प्रस्तावित है। उन्होंने अनुरोध किया है कि पदाधिकारियों एवं सदस्यों को उक्त तिथियों का "विशेष आकस्मिक अवकाश" प्रदान किया जाए।

संगठन के उपरोक्त आग्रह के संदर्भ में सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि पूर्ववर्ती परिषद् के आदेश सं0–3488बी/एसईबी/एस–17(8एच)/78 दिनॉक 05.12.1983 में निहित प्राविधानों के अनुसार कार्मिकों द्वारा किये जा रहे कार्य की आवश्यकता/आकस्मिकता को ध्यान में रखते हुए जिसके लिए अवकाश प्रदान करने वाले सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी एक मात्र निर्णायक होंगे। इस अधिवेशन में सम्मिलित होने हेतु साधारण सदस्यों को मात्र दिनांक 01.05.2017 एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों को दिनांक 01.05.17 एवं 02.05.17 दो दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत कर दिया जाए।

संगठन के सदस्यों को "विशेष आकस्मिक अवकाश" स्वीकृत करने में नियंत्रक अधिकारी द्वारा पाकालि के कार्यालय ज्ञाप सं0–5948(औ0सं0)–17/पाकालि/03–188ए0एस0/96 दिनॉक 31.12.2003 सपठित कार्यालय ज्ञाप सं0–5820(औ0सं0)–17/पाकालि/03–188ए0एस0/96 दिनॉक 04.12.2004 में निर्धारित प्रकिया का निष्ठापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

भवदीय,

(गिरजा शंकर श्रीवास्तव)
विशेष कार्याधिकारी (पारेषण)

संख्याः 1134 (i)–पारे0अनु0–16/पाट्राकालि/2017 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
2. महाप्रबन्धक (औ0सं0), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
3. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0।
4. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0।
5. श्री पंकज सक्सेना, अधिशासी अभियन्ता सम्बद्ध निदेशक (आपरेशन), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को कारपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. प्रमुख महामंत्री, उ0प्र0 पावर कर्मचारी संघ, ताल कटोरा पावर हाउस, लखनऊ को उनके पत्र सं0–42/उ0प्र0पा0कर्म0संघ लखनऊ दिनांक 12.04.17 के संदर्भ में।

(गिरजा शंकर श्रीवास्तव)
विशेष कार्याधिकारी (पारेषण)